रंग लगाए श्याम मेरे

रंग लगाए श्याम मेरे फागुन में आएके,
फागुन में आए के मोसे नैना मिलाये के,
रंग लगाए श्याम मेरे फागुन में आएके.....

गोकुल से बरसाने आयो छलिया ने एसो रंग लगायो,
रंग लगायो एसो रंग लगायो,
हर्दय समाय गयो श्याम मेरे फागुन में आएके,
रंग लगाए श्याम मेरे फागुन में आएके.....

ग्वालो की टोली है लायो लुकतो छुपातो देखो आयो,
देखो आयो कान्हा देखो आयो,
रंग में रंग गयो श्याम गुलाल लगाए के,
रंग लगाए श्याम मेरे फागुन में आएके.....

पहले तो मेरी बैया पकड़ी,
बैया पकड़ी मेरी बैया पकड़ी,
छेड़ गयो एक तान मेरे फागुन में आएके,
रंग लगाए श्याम मेरे फागुन में आएके.....

रंग प्रीत को एसो चढ़ायो,
ऐसो चढ़ायो मोपे ऐसो चढ़ायो,
मन ही मन बतियाये मोसे नैना मिलाये के,
रंग लगाए श्याम मेरे फागुन में आएके.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27250/title/rang-lagaye-shyam-mere

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |